॥ ओ३म् ॥

प्रभु से विनय

हे प्रभु! मेरे में वह महानता और सत्ता दो, कि मैं इस यज्ञ वेदी को, यहाँ भी अपनाता जाऊँ और सूर्य लोक में जाऊँ तो वहाँ भी इसी प्रकार की वेदी उत्पन्न कर, संसार को ऊँचा बनाता चला जाऊँ। हे देव! आप कल्याण करने वाले हैं। मुझे वह सत्ता दो। यदि मुझे आज्ञा मिले तो मैं ध्रुव मण्डल तक जाऊँ तो वहाँ भी यज्ञ वेदी का प्रसार करूँ। हे प्रभु मेरा जीवन यज्ञमय हो।

हे प्रभु! हमें वह बल दो, वह सत्ता दो, जिससे विधाता! हम संसार रूपी महान् वेदी की रक्षा कर सकें, जिस वेदी पर नाना प्रकार के खरदूषण जैसे दैत्य आ जाते हैं। हे देव! यहाँ ताड़का जैसे राक्षस यज्ञ वेदी को भ्रष्ट करने आ रहे हैं। हे विधाता! मैं चाहता हूँ वह ताड़का, आज मेरे द्वारा न आए, वह खरदूषण मेरे द्वारा न आएँ। आज विश्वामित्र और राम जैसे आ करके हमारी रक्षा करें। आज हमें इस भगवान् राम वाले सदाचार को अपनाना है जिससे यज्ञ वेदी की रक्षा होती है। दैत्यों को शान्त किया जाता है।

पूज्यपाद-गुरुदेव

अंक : 554 कुल पृष्ठ संख्या समग्र अंक : 629
वर्ष : 47 44 समग्र वर्ष : 53

अनुक्रम

क्रम संख्या	विषय	पृष्ठ संख्या
1. प्रभु से विनय	पूज्यपाद-गुरुदेव	3
2. अनुक्रम		4
3. आहार व्यवहार की महत्ता	पूज्यपाद-गुरुदेव	5-28
4. मानव उत्थान की प्रेरणा	पूज्यपाद-गुरुदेव	29-37
5. ऋषियों के उद्‌गार		38
6. दान, पुस्तकों की सूची व पुस्तक प्राप्ति के स्थान तथा सूचना इत्यादि		39-42

ऋग्वेद ब्रह्म पारायण याग

परमपिता परमात्मा की असीम अनुकम्पा से पूज्यपाद-गुरुदेव ब्रह्मर्षि कृष्णदत्त जी महाराज की सद्‌प्रेरणा एवम् आशीर्वाद से वैदिक अनुसन्धान समिति द्वारा प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी ऋग्वेद ब्रह्म पारायण याग का आयोजन आर्य समाज मालवीय नगर नई दिल्ली के प्रांगण में दिनाँक 7 दिसम्बर 2018 से 9 दिसम्बर 2018 तक बड़े हर्ष एवम् उल्लास के साथ आयोजित किया जा रहा है जिसमें आप सभी अपने सम्बन्धियों, मित्रों सहित सादर आमन्त्रित हैं।

वैदिक अनुसन्धान समिति (पञ्जी.)

आप सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ।

।। ओ३म् ।।

आहार व्यवहार की महत्ता

जीते रहो!

देखो मुनिवरो! आज हम तुम्हारे समक्ष पुनः की भाँति कुछ वेद मन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे। आज की हमारी ये पवित्र वेद वाणी, हमारा हृदय परमात्मा का अनुपम ब्रह्माण्ड है यह इतनी पवित्रता में परणित है, परन्तु जब परमात्मा मानव के जितना निकट है, परन्तु दृष्टिगोचर नहीं आता। वह प्रभु कितना विचित्र है और मानव की दृष्टि कितनी विचित्र बन चुकी है, जब कि आत्मा और परमात्मा का बहुत घनिष्ट सम्बन्ध है। वही आत्मा हमारे इस शरीर में, परन्तु प्रभु के दर्शनों का अभिलाषी है, दृष्टिगोचर नहीं आता है वह प्रभु। ये प्रभु ने कितने सुन्दर नेत्र रचे, कितनी सुन्दर वाणी, कितना सुन्दर यह गृह है। परन्तु प्रभु इनसे कितना दूरी और कितना निकट है, कितनी विचित्रता है उस प्रभु की महिमा में। बेटा! आत्मा, परमात्मा कितने घनिष्ट हैं परन्तु इस शरीर में आने के पश्चात् प्रतीत नहीं होता वह प्रभु कितना दूरी चला जाता है हमसे। यदि हम गम्भीरता से विचार विनिमय करते हैं तो वह प्रभु हमारे बहुत निकट भी है। परन्तु यहाँ हमारे नेत्रों में ऐसी स्थूलता आ जाती है क्या हम सूक्ष्म वस्तु को दृष्टिपात नहीं कर सकते। उनके लिए बेटा! सूक्ष्म तन्तुओं को जानने के लिए हमारे नेत्रों में यह दर्पण है जिससे परमात्मा को दृष्टिपात किया जाता है, जिसको सूक्ष्म से सूक्ष्म परमाणु को जाना जाता है। इन नेत्रों को बेटा! शनैः-शनैः हमें जल के द्वारा, जैसे मुनिवरो! पाप शुद्ध होता है, इसी प्रकार ज्ञान रूपी जल के द्वारा इन नेत्रों की दृष्टि को सूक्ष्म बनाना होता है क्योंकि इसमें प्रकृति के आवेश आने ही हैं।

ज्ञान का स्वरूप

बेटा! मैं आगे का विषय तो कल ही वर्णन करूँगा। महानन्द जी की एक प्रेरणा मुझे आज प्राप्त होती चली जा रही है, परन्तु विषय तो बहुत ही सुन्दरता से आज स्मरण आ रहा था, इसको सूक्ष्म सा और आगे ले जाना चाहता हूँ। मुनिवरो! ये नेत्र हमें शुद्ध बनाने होंगे, घ्राण हमें ऊँची बनानी होगी, परन्तु इनको ऊँचा बनाने के लिए हमें एक वस्तु की आवश्यकता है, और वह क्या है? ज्ञान। ज्ञान किसे कहते हैं? परन्तु ज्ञान का अभिप्रायः यह नहीं है कि हम पोथी की पोथियों को एकत्रित करले, उनका स्वाध्याय करते रहें तो उनसे ज्ञान प्राप्त हो। मेरा अभिप्रायः यह भी नहीं कि उन्हें न स्वाध्याय किया जाएँ। परन्तु ज्ञान किसे कहते है? वह बहुत सूक्ष्म सा शब्द है; जिसे कहते हैं ज्ञान। परन्तु ज्ञान कहाँ है और क्या है? वेदों की पोथी में भी ज्ञान है, परन्तु आरण्य सँहिताओं में भी ज्ञान है। परन्तु ज्ञान के ऊपर आचरण करना तो ध्यान है, यही तो लेखनी बद्ध की है ऋषि-मुनियों ने। यदि उनको अपने जीवन में धारण किया जाएँ, जीवन में धारण करने से ही हमारी सूक्ष्म और तीव्र बुद्धि बनती है। अन्यथा स्वाध्याय करते रहो, दूसरों को घृणा की दृष्टि से पान करते रहो, उसको ज्ञान नहीं कहते। ज्ञान किसे कहते हैं? बेटा! महर्षि पतंजलि और मुनिवरो! महर्षि जमदग्नि का एक शब्द है, एक समय महर्षि जमदग्नि से उनके पुत्र ने एक प्रश्न किया, उन्होंने कहा हे पिता! ज्ञान किसे कहते हैं? तो जमदग्नि ने कहा कि ज्ञान शब्द एक बिन्दु है, और वह हमारे शरीर में भी एक बिन्दु है जिसे प्रकाश कहते हैं, उस प्रकाश को जानने का नाम ज्ञान कहलाता है। इसका अर्थ क्या हुआ, ज्ञान, ज्ञान भी कहते हैं, परन्तु उसी के आश्रित हो करके जमदग्नि ने यह कहा क्या मैंने तो स्वयँ इतना ही जाना है, ज्ञान तो बहुत ही सूक्ष्म है। मेरे आदि आचार्यजनों! हमें संसार में पवित्रता लाने के लिए, उच्चता लाने के लिए उस ज्ञान को प्राप्त

करना है जिसे हमारे जीवन में हम धारण करते चले जाएँ, उसी का नाम ज्ञान कहलाता है।

दीपावली

आओ, अब हम महानन्द जी के वाक्यों पर चले जाएँ। आज उनकी प्रेरणा हमें, इन्होंने हमें द्वितीय काल में भी प्रश्न किया, वह इनके मनों की भावना, कल्पना थी। इन्होंने कुछ प्रभु के विषय में अपनी इच्छाएँ प्रगट कीं। मुनिवरो! दीपावली और भगवान् कृष्ण ने जो गोवर्धन इत्यादियों का पालन किया, आज मैं बेटा! ऋषि-मुनियों के वाक्यों पर ले जाना चाहता हूँ। इस वाक् को, हमारे यहाँ दीपावली का एक पर्व होता है। इसे महाभारत के काल से पूर्व, इसे दीप कहा जाता था। दीप आवली मानो दीपावली भी कहा जाता था। किन्हीं-किन्हीं स्थानों में दीपावली का अभिप्रायः क्या था? जो सर्व भूमण्डल में दीपावली का पर्व मनाया जाता है। आज तो प्रतीत नहीं कहाँ-कहाँ मनाया जाता है, पातालपुरी में क्या, नाना राष्ट्रों में दीपावली को राजा, महाराजा सभी इसका स्वागत किया करते थे। दीपावली का अभिप्रायः यह है जिसमें प्रकाश को लिया जाता है। भगवान् राम से पूर्व इसका कुछ और रूप था। भगवान् राम से पूर्व इसका यह रूप था कि हमारे यहाँ दो पर्व माने जाते हैं, एक होली का पर्व होता है, होलिका का पर्व, एक दीपावली पर्व होता है। इसमें लक्ष्मी का अवतरण भी होता है। परन्तु वह कृषि करने वाले जन, जब शरद ऋतु में पृथ्वी के गर्भ में बीज की स्थापना की जाती है, पृथ्वी के गर्भ में बीज की स्थापना की, तो वह किसी काल में यह नहीं विचारता कि इसका कितना फल प्राप्त किया। वह जब इस पृथ्वी के गर्भ में बीज की स्थापना कर देने के पश्चात् प्रभु से याचना की जाती है। बेटा! क्या उसमे पुरोहितजन, आचार्यजन प्रत्येक गृह में आओ, या वाणिक आओ, ऊँची-ऊँची वनस्पतियों को एकत्रित करो और सामग्री बनाओ।

परन्तु वेदों के साम वेदाः, जो उपासना काण्ड है, उस उपासना काण्ड की उपासना करो, यज्ञ और सामग्री के द्वारा देवताओं की। कहा क्यों? क्योंकि कृषि करने वाले वैश्यजन सब, जो भूमि में बीज स्थापित, स्थापित किया जाता था, स्थापित, उसमें से कुछ भाग को ले लिया जाता है और उस भाग को ले करके उसकी सबकी सामग्री बनाई जाती है। वनस्पतियों को सबको एकत्रित करके, सुन्दर सामग्री बना करके यज्ञ किया जाता है। प्रभु से याचना की जाती है, हे प्रभु! हमने जो पृथ्वी के गर्भ में जो भी अन्न इत्यादि इसके गर्भ में स्थापित कर दिया है बीज, यह हमारे लिए सुन्दर हो, यह हमारे राष्ट्र के लिए, मानवत्व के लिए लाभदायक हो। मुनिवरो! यह सुन्दर रूपों से उपासना की जाती है। मानो वैश्यजन सब यज्ञशाला के निकट विराजमान होते हैं, पुरोहितजन, राष्ट्र गृहणी मेरे राष्ट्र में अन्न हो जिससे मेरे राष्ट्र में अन्न की सूक्ष्मता न रहे। जब राजा, राष्ट्र गृहणी, उनकी पत्नी, उनके प्यारे पुत्र, पौत्र इत्यादि सब एकत्रित हो करके यज्ञन करते थे राजा के भाव, वह पुरोहित, भ्रमण प्राणी अति आहार अस्तुते राजनाः वह पुरोहित उसके अन्तःकरण में ध्यान करने वाले ज्ञान का भरण कर देते थे। परन्तु देखो, दीपावली आई तो उस तक आप कोई भी अशुद्ध कार्य न करो, यज्ञ करते रहो। मुनिवरो! देखो, यह हमारे यहाँ प्राचीन एक संस्कृति का प्रतीक है। आज मैं उस ऋषि प्राचीन मुनियों की परिपाटी को ले करके जब हम चलते हैं तो हमारा हृदय गद-गद होने लगता है। हमारे हृदय में एक मानवता प्रायः आती है, एक नवीन जीवन आता है इस ग्रीष्म ऋतु में, क्योंकि यह ग्रीष्म ऋतु हमें अमृत देती है। हमें अमृत देती है, स्वास्थ्य को सुन्दर बनाती है।

महर्षि महानन्द जी–इसको ग्रीष्म ऋतु ही क्यों कहते हैं?

पूज्यपाद-गुरुदेव–परन्तु वाक् यह अपने-अपने गृहों में उपासना पति सहित, पत्नी सहित विराजमान हो करके परमात्मा की उपासना

करनी है। हे परमात्मन्! हमारे कृषि को पवित्र बना, हमारी कृषि लाभदायक हो, इसमें किसी प्रकार का ऐसा परमाणु या किसी प्रकार का ऐसा स्वाङ्ग न छूए, जिससे यह नष्ट हो जाएँ मुनिवरो! देखो, यह उपासना की जाती थी।

उत्तम कृषि

इसके उपरान्त मानो यज्ञशाला में विराजमान हो करके अनुसन्धान किया जाता था। अनुसन्धान किया जाता है कि हमें अब इस कृषि को उपज करने के लिए क्या-क्या साधन जुटाने हैं। हमने पृथ्वी में, इसके गर्भ में बीज तो स्थापित कर दिया, अब इस पृथ्वी के लिए कौन सा खान-पान होना चाहिए। जिससे इसके गर्भ में जो कृषि उत्पन्न हो वह महान् और विशाल हो, ऊँची हो, और अधिक हो। मुनिवरो! उसके लिए उसी का प्रतीक हमारे यहाँ, परम्परागतों से उसके पश्चात् अनुसन्धान किया जाता। अनुसन्धान करके यह विचार विनिमय किया जाता, उसके लिए ऊँचे से ऊँचा उसका खान-पान होना चाहिए पृथ्वी का, वास्तव में पृथ्वी का खान-पान क्या होता है? पृथ्वी का खान-पान समय के अनूकुल उसको जल की वृष्टि, समय के अनूकुल उसको मुनिवरो! देखो, उसको गो का, मुनिवरो! गो अश्विनी मानो देखो, जो गो खा करके, निगलकर आहार को लेती है, चाट लेती है, उसको हमारे यहाँ खाद्याम् ग्रणा अस्ति आपांचात किया जाता है। उसको (गोबर को) संग्रह, संचित करने के पश्चात् मानो उसको पृथ्वी में भू में स्थापित किया जाता है जिससे मुनिवरो! देखो, पृथ्वी में उत्तम अन्न उत्पन्न हो और अधिक से अधिक हो। राष्ट्र में अन्न की सूक्ष्मता न रहे। मुनिवरो! अब अनुसन्धान करके और एक समारोह मनाया जाता है। सभी विद्वानों का, बुद्धिमान, वैज्ञानिकों का निर्णय करो कि पृथ्वी के लिए कौन सा अन्न देखो, अन्न को उपज करने के लिए, हमारे लिए कौन सी पृथ्वी के लिए, खान-पान होना चाहिए।

माता का आहार

जैसा मुनिवरो! मेरी पवित्र माता जब गर्भस्ति, हम जैसे पुत्र माता के गर्भ में होते हैं, तो माता के लिए हमारे बुद्धिमानों ने सुशील, ऊँचा और स्वस्थ बालक को उत्पन्न करने के लिए बुद्धिमानों ने एक चुनौती दी, और यह चुनौती दी कि माता को गर्भवती होने के पश्चात् क्या आहार, कौन सा आहार पाना चाहिए, देखो, जिससे उससे, गर्भ से सुन्दर बालक उत्पन्न हो। मुनिवरो! देखो, उन्होंने कहा आचार्यों का, वेदों और सँहिताओं में जो वर्णन होता है वह बड़ा विशेष और सुन्दर माना जाता है। ऋषि-मुनियों ने कहा भई! देखो, उनके लिए सबसे विशेष गो दुग्ध होना चाहिए। यह गो दुग्ध मुनिवरो! गो का दुग्ध, घृत को दूहने के पश्चात् माता के गर्भ से विशाल बालक जन्म लेता है, उसका स्वास्थ्य भी सुन्दर होता है। मुनिवरो! और भी जितने बालक होते हैं, उनको पाना ही मुनिवरो! देखो, सुन्दर और सुशील गृह में जन्म लेता है। इसी प्रकार आवृत्तियों में पृथ्वी की तुलना की है कि जैसे गो दुग्ध को पान करने से हमारा श्वास ऊँचा होता है, तो गो का, अप्रे अस्ता त्यागा हुआ जो मल होता है, जो गोबर होता है उसको पृथ्वी में स्थापित करने से अन्न उपज अधिक होता है। मुनिवरो! जो हमारे बुद्धिमानों ने दो प्रकार की उपज हमारे यहाँ होती है, एक उपज मेरी पवित्र माता जिसको हम शकुन्तका कहते हैं। शकुन्तका वास्तव में श्री, लक्ष्मी का नाम भी शकुन्तका कहा जाता है। परन्तु उस मेरी पवित्र माता का नाम भी शकुन्तका है जो बेटा! शास्त्र, दर्शनों के अनूकुल, अपने गर्भ से प्यारे पुत्र को जन्म देने वाली होती है। उसको भी हमारे आचार्यों ने आदरणीय, जैसे पृथ्वी को माता कहा जाता है, ऐसे ही उस गर्भाणि को माता की दृष्टि से पान किया जाता है। क्योंकि उसकी उपज होती है, बुद्धिमानों की उपज होती है। मुनिवरो! माताओं को उन पुत्रों की उपज नहीं करनी चाहिए जिसका पृथ्वी पर आ करके एक भार बन जाए।

पुरुषार्थी जीवन

वह देखो, मुनिवरो! भगवान् कृष्ण ने भी कहा है क्या जो अयोग्य मनुष्य होता है, जो अपने जीवन में पुरूषार्थ करना नहीं चाहता, केवल कर्म की कसौटी पर अपने जीवन को निर्भर करना जानता है, वह कोई मनुष्य नहीं होता, उस मनुष्य का भार होता है इस पृथ्वी पर। अपने जीवन में जो मनुष्य पुरूषार्थी नहीं होता, आलस्य होता है, प्रमादी होता है मानो उसके द्वारा त्याग और तपस्या नहीं होती उस मनुष्य का इस पृथ्वी पर भार होता है। उन मनुष्यों को संसार में जीवन धारण करने का अधिकर नहीं होता। मेरे आचार्यों ने ऐसा ही कहा है। मुनिवरो! इसी प्रकार मेरी पवित्र माता को हमारे प्राचीन काल में जब भगवान् राम से पूर्व का काल था, महाराजा सूर्य वंश से ऊँचा जो काल था, परन्तु उसमें ऋषि-मुनियों की एक परिपाटी चली आई और वह यह परिपाटी थी, गृह-गृह में पुरोहितपने का कार्य करना, परन्तु उन मेरी पवित्र माताओं को ऊँचा-ऊँचा उपदेश दे करके, उनसे ऋषि बालक जन्म लेते। परन्तु जमदग्नि जैसे और भी मुनिवरो! देखो, यहाँ महर्षि ध्रुन्द्री, जैसे नेत्रों का हीन भी कोई पुत्र होता, तो वह भी मुनिवरो! देखो, उसके हृदय में माता विद्या का भरण कर देती और माता उस विद्या का भरण करने के पश्चात्, वह माता का ऋणी बालक कहलाता था। ऋणी बालक मुनिवरो! वह ऋणी होता है, और जो अयोग्य बालक होता है, जो उत्पन्न होता है माता के गर्भ से, वह अयोग्य हो, तो जानो, माता का जीवन भी व्यर्थ और उसका पृथ्वी पर भार होता है।

गो दुग्ध

मेरे आदि आचार्यजनों यह ऊँचा बालक कैसे उत्पन्न होता है? जब मुनिवरो! माता गो दुग्ध का पान करती है, जैसे पृथ्वी में गो के मल को स्थापित करके, उससे शुद्ध और भूमि में उपज उत्पन्न की

जाती है अधिक, इसी प्रकार गो दुग्ध के पान करने से अधिक ऊँचा बालक, बुद्धिमान बालक जन्म लेता है। हमारे यहाँ परम्परा से मुनिवरो! देखो, आज से नहीं, ये परिपाटी ऋषि-मुनियों के काल से चली आई। भगवान् विष्णु इत्यादियों ने इस परिपाटी को निर्णय किया।

विष्णु राष्ट्र

हमारे यहाँ सबसे पूर्व भगवान् मनु जी के कथानानुसार, सबसे पूर्व यहाँ विष्णु उपाधि मानी जाती है। विष्णु उपाधि जो सबसे प्रथम राजा, उसी का नाम विष्णु कहलाता था। मुनिवरो! यह मनु जी से पूर्व एक परिपाटी थी, भगवान् मनु जी से पूर्व यह परिपाटी थी क्या, राष्ट्र तो होता नहीं, सेना नहीं होती थी। मुनिवरो! वहाँ और भी राष्ट्र के अधिपति नहीं होते परन्तु क्या होता था, कि विष्णु राष्ट्र होता था। विष्णु राष्ट्र क्या होता है? विष्णु से कोई भयभीत तो होता नहीं था, उसमें केवल कर्तव्य की प्रणाली की शिक्षा थी। कर्तव्य प्रणाली की शिक्षा को, मुनिवरो! देखो, सब आचरण करने वाले, उसको हमारे यहाँ विष्णु राष्ट्र अहा! भगवान् मनु जी से पूर्व यह था।

लक्ष्मी-पूजन

भगवान् मनु जी ने आगे चलकर राष्ट्र की प्रणाली को, मैं पूर्व उच्चारण भी कर चुका हूँ। आज तो केवल हमारे यहाँ महाराजा विष्णु ने यह परिपाटी संसार में निर्मित की, क्या लक्ष्मी का पूजन करो। कौन सी लक्ष्मी का पूजन करो? लक्ष्मी कहते हैं–हमारे यहाँ प्रकृति का नाम भी लक्ष्मी कहलाता है। प्रकृति का नाम लक्ष्मी कहलाता है, इस प्रकृति की भी पूजा करो क्योंकि इस प्रकृति से हमारा यह शरीर बना हुआ है, यह प्रकृति से बना हुआ है। हमारे नेत्रों में जो भी निर्णीत किए हुए यन्त्र हैं वह सब प्रकृति के धातुओं से बनते हैं, यह सब प्रकृति से उत्पन्न होते हैं। मानो देखो, अणु और महा अणु भी प्रकृति से

उत्पन्न होते हैं, तो उसका पूजन करो। तो हमारे यहाँ दीपावली और दीपावली को हमारे यहाँ देखो, उसका पूजन होता है। इसका परम्परागतों के अनूकुल हमारे यहाँ लक्ष्मी का पूजन किया जाता है। लक्ष्मी के पूजन का अभिप्रायः यह कि इसका पूजन करो। आज से हमें निर्णय करना है, दीपावली के दिवस यह जैसे प्रकृति जो कुछ हमें प्रकाश प्रतीत हो रहा है यह भौतिक प्रकाश यह सब प्रकृति का प्रकाश है। जैसे प्रकृति ने प्रकाशित तत्त्व हमारे मानव शरीर में ओत-प्रोत किए हैं, आज हमें उन तत्त्वों को जानना, उसी पर अनुसन्धान करना है। उसी से हमें अपने जीवन को ऊँचा बनाना है। लक्ष्मी का अभिप्रायः यह कि आज हमें वह प्रयत्न करना चाहिए, आज प्रभु की याचना करते हुए, लक्ष्मी का पूजन करो कि हम लक्ष्मी का दुरूपयोग नहीं करेंगे। लक्ष्मी राष्ट्रनायक होती है, राष्ट्रनायक कौन होती है? लक्ष्मी होती है। जिस राजा के राष्ट्र में लक्ष्मी नहीं होती, उस राजा का राष्ट्र भी नहीं होता। मानो राजा के राष्ट्र में लक्ष्मी होनी चाहिए। अब लक्ष्मी का पूजन होना चाहिए प्रत्येक गृह में, प्रत्येक मेरे माता पिता–क्यों इसका अभिप्रायः यह कि बिना लक्ष्मी के हमारा कार्य नहीं चलता। बिना लक्ष्मी के हमारे जीवन का लक्ष्य पूरा नहीं होता, हम दान नहीं कर सकते, हम यज्ञ नहीं कर सकते। मानो संसार का जितना भी कार्य है, हम उच्चारण नहीं कर सकते, हम नेत्रों से दृष्टिपात नहीं कर सकते, मुनिवरो! हम अपने श्रोत्रों से कोई वाक् श्रवण नहीं कर सकते, यह सब प्रकृति का, लक्ष्मी का एक चमत्कार कहलाता है। इस चमत्कार की हमें पूजा करनी है, परन्तु इसको हमें अच्छी प्रकार पूजन करना है। मुनिवरो! पूजन क्यों किया जाता है? आज हमारे द्वारा यह प्रश्न आता है कि पूजन करने का अभिप्रायः यह नहीं, हम आठों भुजों को एकत्रित करें, उसके आगे प्रार्थना, इसका यह अभिप्रायः नहीं है। हमें नियम बनाना है कि हमें इस लक्ष्मी का

दुरूपयोग नहीं करना है, हमें कहीं दुरूपयोग नहीं करना है। हमें दुराचारों में लक्ष्मी को प्रयोग नहीं करना है। हमें वैदिक प्रचारों में, हमें यज्ञ कर्मों में, परमात्मा की प्रार्थना में, ब्राह्मणों के सत्कार में बुद्धिमानों के और जहाँ भी हमारे लिए अधिक से अधिक कल्याण होता हो, हमें वहाँ लक्ष्मी को लगाना है। वहीं से प्रयोग में लाना है। आज के दिवस मुनिवरो! देखो, इसका एक नियम बनाया जाता है, इसके भाग बनाए जाते हैं लक्ष्मी के, जो भी लक्ष्मी गृह में होती है उसके भाग बनाए जाते हैं, कितनी लक्ष्मी मुझे परोपकार कार्य में लगानी है, कितनी लक्ष्मी मुझे अपने व्यापार में परणित करनी है, कितनी लक्ष्मी मुझे राष्ट्र के लिए अर्पित करनी है। इतनी लक्ष्मी मुझे पृथ्वी के लिए अर्पित करनी है। क्योंकि जिससे पृथ्वी में अन्न उत्पन्न हो। तो मुनिवरो! देखो, यह सब कुछ हमारे लिए लाभदायक कहलाता है।

आधुनिक काल में लक्ष्मी का दुरूपयोग

महर्षि महानन्द जी–गुरुदेव! आधुनिक काल में तो लक्ष्मी का कुछ और ही किया जाता है। आधुनिक काल में तो भगवन्! आज के दिवस क्या, कल के दिवस क्या भगवन्! इस लक्ष्मी का ऐसा दुरूपयोग क्या, भगवन्! आधुनिक काल में उसे जुए की दृष्टि से कहा जाता है और भी शब्द आधुनिक काल में प्रचलित है, मैं तो उनको शिक्षित नहीं कहा करता हूँ परन्तु आधुनिक काल में वो शिक्षित कहते हैं, उनको आधुनिक काल में फलैश कहते हैं, यह तो प्रभु! इसको अच्छी प्रकार नहीं ज्ञान कराया जाता, परन्तु उसको और ही कुछ उच्चारण किया जाता है। तो लक्ष्मी का आधुनिक काल में इसका नियम बनाने के पश्चात् इसका दुरूपयोग किया जाता है। पूज्यपाद-गुरुदेव–अच्छा बेटा! तो मुनिवरो! अभी-अभी मेरे प्यारे महानन्द जी कुछ मूर्खों वाले वाक् प्रगट कर रहे थे, परन्तु इससे मुझे अधिक प्रयोजन नहीं, केवल अपने विचार प्रगट करूँ।

दीपावली का पर्व

मुनिवरो! हमारे यहाँ प्राचीन प्रणाली, जो प्राचीन प्रणाली है, परन्तु वह इस प्रकार चली आई, आज हमें उस प्रणाली को अपनाना है जो प्रणाली हमारे ऋषि-मुनियों की नियुक्त की हुई है। वह विशेष कहलाई जाती है परन्तु आज हम उस प्रणाली को अपनाते चले जाएँ जिससे हमारी दीपावली, हमारे जीवन में एक पवित्र ज्योति जलती रहे। पवित्र ज्योति जो हमारे जीवन में जलते रहेगी तो हम दीपावली का पर्व मनाने के अधिकारी कहलाएँगे। जिसका अभिप्रायः यह नहीं कि यह दीपावली यह किसी एक राष्ट्र में अपनाई जाती हो, यह दीपावली प्रत्येक राजाओं के राष्ट्र में अपनाई जाती। इसके उपलक्ष्य में सभी कुछ हम अपने-अपने जीवन में कुछ न कुछ शिक्षा प्राप्त करते हैं, मानो कृषि करने वाले वैश्यजन यज्ञ करते हैं और यज्ञ करते हैं, क्यों? क्योंकि देखो, इस दिवस यह पर्व इसीलिए मनाया जाता है क्या कृषि, भूमि के गर्भ में हम अन्न की स्थापना कर देते हैं। इसमें बीज की स्थापना कर देते हैं, और देखो, सबसे निवृत्त हो करके अब प्रभु से याचना करते हैं, प्रभु! जो पृथ्वी में अन्न स्थापित किया है यह हमारे लिए लाभदायक हो, राष्ट्र के लिए, ऐसी अनुपम कृपा करो, समय-समय पर वृष्टि करो। समय-समय पर बुद्धिमानों की अनेक याचनाएँ बेटा! कोई महोत्सवों के द्वारा परम पवित्र पुनीत अवसर और पुनीत दिवस का निर्माण किया जाता है। हमारे यहाँ यह केवल एक पुनीत में निर्माण होता रहता है।

गोवर्धन

आज मैं उस दिवस पर आ पहुँचा, जैसा महानन्द जी मुझे कुछ वाक् भी प्रगट करने हैं। आज वह दिवस है, जब भगवान् कृष्ण ने देखो गोवर्धन की पूजा की, गोबर एक धन कहलाया जाता है। गोबर एक गो का मल कहलाया जाता है, उसको गोवर्धन कहते हैं। धन का

अभिप्रायः है इसे हम कृषि में अधिक से अधिक प्रस्थापित करने से, इससे धन उत्पन्न होता है, मानो आज भगवान् कृष्ण ने इस उपलक्ष्य में, आज के दिवस मानो देखो, इन्द्र को भी निमन्त्रण। इन्द्र ने कहा देखो, वहाँ इन्द्र की पूजा होती थी, गोवर्धन पर देखो, वह एक स्थान भी है, मानो जो वृन्दावन के रास्ते भगवान् कृष्ण के जहाँ जन्म भूमि परन्तु उसी के द्वार पर मानो देखो, वह एक स्थान गोवर्धन, जहाँ इन्द्र की पूजा होती है। इन्द्र की पूजा होती है।

भगवान् कृष्ण द्वारा गऊओं की पूजा

मुनिवरो! इन्द्र की पूजा हुआ करती थी। भगवान् कृष्ण से पूर्व इन्द्र की पूजा–जब इन्होंने बेटा! सब मानो देखो, गऊँओं को एकत्रित किया और गऊँओं की पूजा की गई। गोवर्धन पर वृन्दावन के मानो देखो, सभी उस पर्वत पर आ पहुँचे और वहाँ एक सुन्दर गऊँओं की पूजा होने लगी। गऊँओं के चरणों को, भगवान् कृष्ण का यह कार्य रहता था कि भगवान् कृष्ण प्रत्येक गऊँ के दुग्ध को पान करते थे, मानो एक-एक रूप में उनके दुग्ध को पान करते, उन्हें निर्णित किया करते थे। क्योंकि भगवान् कृष्ण अपने जीवन में एक बहुत ऊँचे वैज्ञानिक और अपने जीवन में अनुसन्धान करना उनका कार्य था। यह सबसे पूर्व उन्होंने यही अनुसन्धान किया, अपने राष्ट्र में, अपने समाज में, प्रजा में हमें सबसे यह पूर्व विचारना है कि हमारे राष्ट्र के लिए, हमारे जीवन के लिए, स्वास्थ्य के लिए सबसे ऊँची वस्तु क्या है? **सबसे ऊँची वस्तु यदि कोई संसार में, गृहस्थी के आश्रम में विचारने के लिए तो अपने स्वास्थ्य के लिए है।** जिस गृहस्थ में, जिस राजा के राष्ट्र में स्वास्थ्य ऊँचा होता है, स्वस्थ व्यक्ति होते हैं, वहाँ प्रशन्ता होती है। भगवान् कृष्ण ने सबसे पूर्व यह कार्य किया, तो गोवर्धन पर एक उन्होंने एक समाज एकत्रित किया, उस समाज में गऊँओं को एकत्रित किया, भगवान् कृष्ण का यह आदेश था, कि भई!

पूजन करो, किसका पूजन करो? गोवर्धन का—गऊँओं की पूजा करो। गऊँओं की पूजा करने से आज हमारा स्वास्थ, हमारी मानवता, इससे ऊँची बनेगी, इसीलिए गऊँओं का पूजन किया गया। मुनिवरो! देखो, भगवान् कृष्ण ने सबसे पूर्व देखो, गऊँओं का पूजन किया।

महर्षि महानन्द जी—गुरुदेव! आधुनिक काल में गऊँओं का पूजन किया जाता है।

पूज्यपाद-गुरुदेव—अरे भई! तुम सुनो, जो वाक् उच्चारण हुआ उसको सुनो, श्रवण करो। तो मुनिवरो! ब्रह्मा मय कस्मासि गो अस्वानि। मुनिवरो! गऊँओं का पूजन करने से हमें यह सब कुछ प्राप्त हो जाएगा, एक वस्तु प्राप्त नहीं होती। आज वह वस्तु प्राप्त होती है, उससे मुनिवरो! गऊँओं का दुग्ध पीने से हमारे जीवन में एक बुद्धिमानता आती है, श्वास ऊँचा होता है और गऊँओं के दुग्ध के पान करने पर, हमारे शरीर में जो नाना प्रकार के जो रुग्ण हो जाते हैं, वह भी नष्ट हो जाते हैं। नष्ट हो जाने के पश्चात् अहा! देखो, उससे हमारा स्वास्थ्य ऊँचा बनता चला जाता है। और वह जो कलिष्ट भोजन करने से मानव का स्वास्थ्य अङ्ग-भङ्ग हो जाता है, अङ्ग-भङ्ग हो जाने के पश्चात्—मुनिवरो! सबसे पूर्व यह विशेषता है गऊँ के दुग्ध पान करने में क्या मानव के जीवन में सदाचार की भावना आती है। प्रत्येक मानव, प्रत्येक देव कन्या के द्वारा दुराचार की भावना न आ करके सदाचार की भावना आती है। क्योंकि गऊँ के दुग्ध में वह परमाणु होते हैं, वह स्नेह होता है, जिस स्नेह से देखो, जो स्नेह गऊँओं में होता है। अहा, बेटा! देखो, गऊँओं में कितना भी क्रोध हो, परन्तु उस क्रोध में जब भी उन्हें एकत्रित होने का समय मिलेगा, तभी वह एकत्रित हो जाते हैं। इसी प्रकार उनमें कितना स्नेह होता है, ऐसे ही मानव मात्र में भी, इसी प्रकार का स्नेह हो जाता है। मेरे आदि आचार्यजनों! मेरे पवित्र भोले ऋषि मण्डल! उस भगवान् कृष्ण की

चर्चा प्रगट कर रहे हैं जिन्होंने बेटा! गऊँओं की पूजा की। हमारे यहाँ भगवान् कृष्ण से पूर्व भी देखो, गऊँओं की पूजा होती चली आई। गऊँओं की पूजा आज से नहीं परन्तु परम्परा से होती चली आई है। मुनिवरो! देखो, सर्वत्र संसार में गऊँओं की पूजा की जाती है, उसके दुग्ध को पान किया जाता है, घृत को पान किया जाता है, उसी में यज्ञ किया जाता है। देवताजन प्रसन्न होते हैं, वह समय-समय पर मुनिवरो! देखो, मानव को स्वास्थ्य देते रहते हैं।

गोवर्धन पूजन

महर्षि महानन्द जी–गुरुदेव! हमने ऐसा सुना है, जैसे आपने गोवर्धन का अभी अभी वर्णन किया है जब इन्द्र की पूजा नहीं होती थी, इन्द्र ने वृष्टि की और भगवान् कृष्ण ने गोवर्धन के पर्वत को ऊँचा अपने से ऊँचा उठाया था और वृन्दावन के जितने प्राणी थे सब उसकी छाया में चले गएँ।

पूज्यपाद-गुरुदेव–बेटा! यह इसका अभिप्रायः नहीं है कि इन्द्र ने वृष्टि की तो पर्वत को उन्होंने ऊँचा कर लिया। इसका अभिप्रायः तो यह भी हो सकता है क्या ऊँचा स्थान था, वृष्टि अधिक हुई और गोवर्धन के ऊपर बसने चले गएँ, यह भी हो सकता है। परन्तु यह नहीं, कि प्रकृति के नियम के विरूद्ध माना जाता है, परन्तु भगवान् कृष्ण परमात्मा के उस परमानन्द के बहुत निकट थे, बहुत निकट होने के पश्चात्, जो जिसके निकट होता है, वह प्रकृति के विपरीत कोई कार्य नहीं करता। भगवान् ने जो नियम बनाएँ हैं उनके विपरीत कोई कार्य नहीं करता। विपरीत कौन जाता है? जो बेटा! देखो, परमात्मा से दूरी हो जाता है और जो परमात्मा के जितना भी निकट होता है उतना ही वह प्रकृति के नियम को अङ्ग-भङ्ग नहीं करता, परमात्मा के नियम को नष्ट नहीं करता, वह उसके अनुकूल कार्य करता चला जाता है, स्वतः होता रहता है।

मेरे पवित्र आचार्यजनों! मेरे प्यारे महानन्द जी यह नहीं, परन्तु उनसे यह मान लेना चाहिए कि गोवर्धन से देखो, भगवान् कृष्ण ने गऊँओं की पूजा कराई। वहाँ इन्द्र की पूजा भी होती थी, परन्तु इन्द्र की पूजा को उन्होंने शान्त कराया, क्या इन्द्र की पूजा इन्द्र के राष्ट्र में होनी चाहिए। परन्तु इन्द्र ने उन्हें कष्ट देने का प्रयत्न भी किया, मानो देखो, बकासुर इत्यादियों ने उनको कष्ट देना प्रारम्भ किया। भगवान् कृष्ण ने अपने प्रकरण से, उनकी एकता से, उनकी मानव मात्र की सहायता से, छाया से, उसकी सेना को नष्ट किया, नष्ट करने के पश्चात्, परन्तु यह हुआ। आज हमें देखो, इन्द्र हम किसे कहते हैं? आज हम देखो, इन्द्र केवल उसको नहीं कहते जो सब राजाओं का राजा, परन्तु देखो, हम परमात्मा को इन्द्र कहा करते हैं। यहाँ इन्द्र यदि एक राजा को लिया जाए, तो वह वृष्टि क्या कराएगा, परन्तु देखो, वह अणु और परमाणुओं से वृष्टि करा भी सकता है। यह भी हो सकता है कि बहुत से यन्त्र ऐसे होते हैं, जो प्रकृति से निकासे जाते हैं। अनुसन्धान करने के पश्चात् कि वह अन्तरिक्ष में उनका प्रहार करने के पश्चात्, जल के द्वारा देखो, जलों का उत्थान हो जाता है उससे वृष्टि भी हो सकती है, परन्तु वह यन्त्र प्रकृति की नाना धातुओं से निकासा जाता है। मेरे आदि ऋषि-मुनियों! इसको तुम प्रत्येक जानता होगा कि भगवान् कृष्ण भी उस क्रिया को जाना करते थे, इन्द्र भी उस प्रक्रिया को जानते थे, परन्तु इन्द्र ने यह कराया, यह हो सकता है। परन्तु इन्द्र ने ऐसा किया नहीं था, यह अतिता यह मानव की एक कल्पना है। एक गोवर्धन को ऊँचा ले जाने के लिए, एक मानव की एक कल्पना है। यह एक श्रद्धांजलि और एक श्रद्धा का एक पाठ है। परन्तु यह इससे अधिक श्रद्धा से उसका वास्तविक वाक् का अङ्ग-भङ्ग हो जाता है। गोवर्धन की पूजा करने से मुनिवरो! देखो, भगवान् कृष्ण ने अपने जीवन का उत्थान किया, अपनी प्रजा को ऊँचा बनाया है।

देखो, भगवान् कृष्ण के यहाँ एक कार्य और भी होता था, नन्द की जितनी भी शोभा थी, मानो देखो, गऊँओं का सब घृत सब राजा कंस के द्वारा चला जाता था, राजा कंस के द्वारा जाता था। भगवान् कृष्ण को जो भी देवी उन्हें प्राप्त होती, जो भी माताएँ उन्हें घृत ले जाती प्राप्त होतीं, उन्हें दृष्टिपात होतीं उनसे छीन लेते और कहा करते कि यह कंस पापी है, तुम घृत को स्वयँ पान करो। मानो देखो, भगवान् कृष्ण ने यह कितने ऊँचे-ऊँचे कार्य किए, उन्होंने कहा कि कंस इतना दुराचारी है कि वह दूसरों के अधिकार को लेना चाहता है। संसार में उस व्यक्ति को नष्ट कर दो, जो दूसरों के अधिकार को छीनना चाहता है, दूसरे के अधिकार को छीनना यह मानवता नहीं कहलाई जाती है। इसीलिए हे मेरी पवित्र माताओं! हे मेरे पवित्र भद्रजनों! संसार में उस व्यक्ति को अपने द्वार पर न आने दो जो दूसरे के अधिकार को छीनने वाला हो, उसे अपने अधिकार के, उसे अपने जीवन का, अपने द्रव्य का, अपनी लक्ष्मी का स्वयँ देखो, उसे उसका अधिकार, उसका दायित्व बना रहे। इसीलिए आज मुनिवरो! देखो, भगवान् कृष्ण का एक-एक शब्दार्थ बड़ा महत्त्वपूर्ण है, हमें उन्हीं के आदेशों पर चलना चाहिएँ क्योंकि उनका आदेश आर्यत्त्व में परणित कहलाया जाता है। उन्होंने आर्य प्रणाली को, आर्य परम्परा को ऊँचा बनाने में अपने जीवन को समाप्त किया, अपने जीवन को सर्वत्र देखो, संसार में समृद्ध उनका जीवन व्यतीत होता रहा।

गणपति का पूजन

मुनिवरो! आज यहाँ दीपावली को, केवल गोवर्धन का ही पूजन नहीं होता है, गणेश का पूजन भी होता है। गणेश का अभिप्रायः यह है जहाँ लक्ष्मी का, जहाँ प्रकृति का, जहाँ गऊँ का पूजन किया जाता है, वहाँ परमपिता परमात्मा का पूजन भी किया जाता है। मुनिवरो! गणेश का पूजन क्यों किया जाता है? गणं ब्रह्मे अस्ति गणा। मुनिवरो!

देखो, जो गणों का स्वामी हो, गण संसार में प्रजा कहलाती है, उनका स्वामी गणपति कहलाता है। आज मुनिवरो! देखो, हमें गणपति की पूजा करनी है जिस गणपति के पूजा करने से हमारे हृदय में स्नेह आता है, हमारे हृदय में मधुरता आती है, हमारे हृदय में कर्तव्य की भावना आती है, हमारे हृदय में राष्ट्रीय भावना आती है। मानो देखो, यह सब भगवान् की पूजा करने से प्राप्त होती है। क्योंकि परमपिता परमात्मा ने संसार को एक राष्ट्र रूप में निर्माणित किया है। इसका वाक् तो मैं कल ही प्रगट कर सकूँगा अच्छी प्रकार से, परन्तु आज का आदेश तो केवल यह उच्चारण करता चला जा रहा है क्या हमें गणपति की उपासना करनी चाहिए। गणपति का पूजन करना चाहिए। हमारे यहाँ मुनिवरो! देखो, गणपति राजा को भी कहा जाता है। राजा का भी पूजन करना चाहिए, क्योंकि–राजा का पूजन क्यों किया जाता है? राजा के पूजन का अभिप्रायः यह नहीं, क्या उसके चरणों को छूआ जाए। राजा के पूजन का अभिप्रायः यह है क्या हम उसके प्रत्येक स्थानों से, बुद्धिमानों से, माताओं से और मेरी पुत्र पुत्रियों से राजा को यह प्रेरणा देनी चाहिए राजा के हृदय में, क्या हे राजन्! मेरी पवित्र माता को तो यह अधिकार देने चाहिए कि वह हमारा अधिपति है, तू गणेश है, तू राजा है, हमारे शृङ्गार की तू रक्षा कर। पुत्रियों को राष्ट्र के द्वारा राजा को यह संदेश देना चाहिए हे देव! हे राजन्! तू हमारा राजा है और हमारे जीवन का उपकार वास्तव में तो परमात्मा के ऊपर है, परन्तु कुछ तुम्हारे द्वारा भी है। इसीलिए हमारे विधाता, हमारे जीवन में जो भी मानवता आए, उसकी चुनौती आप लेते रहें। मुनिवरो! देखो, यह सब मानव के लिए ही, क्या संसार के राष्ट्र की रक्षा, राष्ट्र के नियम, राष्ट्र के जो भी कुछ अवृत्ति होते हैं, वह सब आपके भुजों में इन्हे अच्छी प्रकार बनाते रहो। यह सब मुनिवरो! देखो, एक प्रजा का कर्तव्य होता है। इसी परमात्मा की उपासना करना, गणेश जी की उपासना करना। महर्षि ने, महानन्द जी ने एक समय

ऐसा वर्णन किया कि गणेश जी तो महाराज शिव के पुत्र कहलाते हैं और जिनके द्वारा एक हाथी का एक बहुत बड़ा मुख उनके अनुसार परणित किया जाता है। मेरे आदि आचार्यजनों! महानन्द जी ने मुझे एक समय ऐसा प्रगट कराया। परन्तु इसके साथ-साथ मैं यह वाक् प्रगट करता चला जाऊँ कि देखो, गणेश जी का ऐसा नहीं, परन्तु गणेश जी महाराज शिव के पुत्र भी थे। परन्तु यहाँ गणेश जी भगवान् को कहा जाता है। जो हाथी इतना विशाल होता है, इतने विशाल शरीर वाला होता है, मानो देखो, वह कितने ही अन्नों को, कितने ही वनस्पतियों को अपने उदर में ओत-प्रोत कर लेता है, उसी से उसका जीवन संचार होता है। इसी प्रकार हमारे यहाँ परमात्मा के द्वारा देखो, यह सर्वत्र भूमण्डल होने के नाते, यह सर्वत्र भूमण्डल उसका है। नाना प्रकार के लोक-लोकान्तर हैं, यह सब देखो, परमात्मा के गर्भ में परणित हो रहे हैं, सब प्रकाशित हो रहे हैं। उसी की प्रेरणा, उसी का पाठ, उसी के मुनिवरो! एक-एक, कण-कण में परमात्मा के, गणेश के व्यापक होने के नाते, उन सबका अधिपति होने के नाते अहा, उसका देखो, इतना विशाल मस्तिष्क भी है। उसका इतना विशाल उदर भी है, मानो देखो, वह सबको अपने में परणित कर देता है। मुनिवरो! प्रलय-काल में भी सबको निगल जाता है। अपने गर्भ में, अपने उदर में सबको परणित कर लेता है। मुनिवरो! उसका इतना विशाल उदर है, इतना विशाल उसका मुखारबिन्द है। मुनिवरो! देखो, जिससे परमात्मा को हमारे यहाँ गणेश जी कहा जाता है। गणेशा ब्रह्मणे जो गणों का स्वामी हो, गणों का स्वामी हो मानो देखो, नाना प्रकार के लोक-लोकान्तरों का स्वामी हो, उसको हमारे यहाँ गणपति की चुनौती दी जाती है। अहा, भगवान् शिव के पुत्र का नाम भी गणेश जी है, ऐसा अभिप्रायः यह नहीं कि किसी के पुत्र का नाम गणेश जी हो तो परमात्मा को गणेश जी नहीं कह सकेंगे। अहा, मुनिवरो! देखो, जहाँ भगवान् को गणेश जी कहा जाता है, किसी के पुत्र का नाम भी हम

गणेश उच्चारण कर सकते हैं। क्योंकि वह तो एक गौणिक नामों से परणित किया जाता है।

परम्परावादी संस्कृति का महत्त्व

मेरे आदि आचार्यजनों! आज मैं यह चर्चा कर रहा था कि आज दीपावली के पर्व में और गो की पूजा करने के दिवस से हमें भगवान् कृष्ण और हमें अपनी परम्परा को विचारना है। जो संसार में देखो, परम्परावादी संस्कृति को नहीं विचारता, आह, उसका जीवन एक भार रूप में माना जाता है। संसार में आलसी और प्रमादी बन करके अपने जीवन को हमें व्यर्थ नहीं करना है। परन्तु देखो, आज हमें सभी वाक्यों पर विचार करना होगा, जैसे हम भूमि की रक्षा करते हैं। मुनिवरो! इसी प्रकार मेरी जो पवित्र माता है, जिसके गर्भ से हम जैसे पुत्रों का जन्म होता है, भगवान् कृष्ण, भगवान् राम, महाराज शिव मुनिवरो! देखो, अनेकों अनेक महान् विभूतियों का जन्म होता है। जैसा मुनिवरो! देखो, यहाँ ऋषि-मुनियों का जमदग्नि, जैसे महर्षि पारा, महर्षि लोमश, महर्षि कणाद, आदित्य ऋषि महाराज, महर्षि अङ्गिरा इत्यादि आचार्य ऋषिजन हुए, यह सब मेरी पवित्र माताओं के गर्भ से जन्म लेते हैं जिनके बड़े सौभाग्य होते हैं। जिनकी त्याग और तपस्या में एक आहुति है, त्याग और तपस्या से मानव की माता की प्रवृत्तियों से, मानव के अन्तःकरण में उनकी भावनाओं से देखो, उससे पुत्रों का जन्म होता है। मुनिवरो! देखो, इससे हमें सभी वाक्यों पर विचार करना है। हमें जब हम प्रत्येक वाक् पर हम अपने परम्परावादी जो हमारी प्राचीन ऋषि-मुनियों की प्रणाली है।

भगवान् राम का अयोध्या में आगमन

आज भगवान् राम, भगवान् राम देखो, यह वह भी दिवस है जब भगवान् राम, माता सीता और हनुमान मुनिवरो! देखो, लक्ष्मण इत्यादि

देखो, लंका को विजय करके अपनी अयोध्या में आ पहुँचे थे, अपनी अयोध्या में आने के पश्चात् मानो देखो, मुनिवरो! देखो, जब राजा रावण को विजय किया, विजय करने के पश्चात्, लंका का राष्ट्र उनके विधाता विभीषण को लंका का स्वामी बना करके, पुष्प विमान में विराजमान हो करके, अपनी अयोध्या में लौट आए। परन्तु आज का देखो, वह दिवस, आज नहीं, परन्तु आज का तो वह दिवस है लंका को विजय करके, जब भगवान् राम ने माता सीता ने लक्ष्मण ने हनुमान ने विराजमान हो करके देखो, भरत ने इत्यादि शत्रुघ्न ने माताओं के सहित और गुरुजनों के सहित मानो यज्ञ किया। आज वह दिवस है, परन्तु प्रत्येक प्राणी को यह ज्ञान हो गया कि आज भगवान् राम लंका को विजय करके आ रहे हैं। उस समय प्रत्येक गृह में जो दीपावली का पर्व जो कृषक देखो, कृषकों के हृदयों में क्रान्ति स्थापित हो चुकी थी, क्या भगवान् राम नहीं आएँगे, न प्रति क्या होगा। परन्तु जब यह प्रतीत हुआ वैश्यजनों को भी, राम की विजय हो गई है, लंका से आ गएँ हैं, उसी समय अयोध्या में एक प्रकाश, सर्वत्र एक आनन्द के उनके हृदयों में क्या मुनिवरो! देखो, आनन्द के गीत प्रकाशित हो गए। बेटा! वह लंका में भी वह पर्व मनाया गया, परम्परा के संस्कृति के अनुकूल मनाया गया। परन्तु रहा देखो, अयोध्या में, भगवान् राम, सीता और लक्ष्मण, हनुमान जब वह अयोध्या में आए, तो भरत ने राम के चरणों को छुआ, उन्होंने सीता के चरणों को स्पर्श किया और उनके स्नेह की, उनके प्रेम की कोई सीमा नहीं थी। बेटा! जैसे दीपावली के दिवस मानव अपने गृहों को प्रकाशित करता है और अपने मनों को प्रकाशित करता है, इसी प्रकार महाराजा भरत और शत्रुघ्न और माताओं का जो हृदय था वह इतना प्रफुल्लित हो गया, इतना प्रकाशमान हो गया कि दीपावली और सूर्य का प्रकाश भी उनके आगे अन्धकारमय प्रतीत होता था। मेरे आदि आचार्यजनों! यह प्रेम का प्रतीक है, यह हमारा आदर का प्रतीक है। भरत ने जब सीता के चरणों को छुआ, उस समय कहा मातेश्वरी! मुझे आपकी बड़ी प्रतीक्षा थी मेरे

